गृह विज्ञान कक्षा–12
प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2023–24

समय–तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक–70

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश–

I. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

II. प्रश्न संख्या 1 से 4 बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 5 से 10 अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 11 से 15 लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 16 से 18 दीर्घ उत्तरीय हैं जिनका उत्तर 100 शब्दों में दीजिए।

III. सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न (1X20=20)

1. (i) कार्य को प्रभावित करते हैं– 1

(क) शिक्षा एवं स्वास्थ्य (ख) आयु और लिंग

(ग) अवसर की सुलभता (घ) उपरोक्त सभी

(ii) 'मधुमेह' में वर्जित है– 1

(क) प्रोटीन (ख) वसा व विटामिन्स

(ग) कार्बोहाइड्रेट (घ) खनिज लवण

(iii) पोषण का निर्धारण करते हैं– 1

(क) आयु (ख) शारीरिक अवस्था

(ग) रोजगार (घ) सभी

(iv) जीविका के चुनाव के लिए जरूरी है– 1

(क) अभिरुचि की पहचान करना

(ख) प्रतिभा एवं इच्छाओं की पहचान करना

(ग) व्यक्तिगत प्राथमिकताओं की पहचान करना

(घ) उपरोक्त सभी

(v) बच्चे की गतिविधियाँ एवं अनुभव बढ़ने की उम्र है– 1

(क) 3 वर्ष (ख) 5 वर्ष

(ग) 10 वर्ष (घ) 12 वर्ष

2. (i) नैदानिक पोषण का सम्बन्ध है 1

(क) छोटे बच्चों से (ख) वृद्धों के पोषण से

(ग) बीमार व्यक्तियों के पोषण से (घ) किसी से नहीं

Downloaded from cclchapter.com

(ii) उद्यमियों के लक्षण नहीं है – 1

(क) कड़ी मेहनत करना (ख) केवल लाभ देखना

(ग) प्रबन्धन कौशल (घ) जोखिम उठाने का साहस

(iii) भारत में वरिष्ठ नागरिक की आयु है– 1

(क) 60 वर्ष या अधिक (ख) 55 वर्ष से अधिक

(ग) 60 वर्ष से कम (घ) 45 वर्ष से अधिक

(iv) भारत में परंपरागत व्यवसाय है – 1

(क) कृषि कार्य (ख) काष्ठ शिल्प

(ग) धातु शिल्प (घ) उपरोक्त सभी

(v) आयोडीन की कमी से बच्चों की– 1

(क) मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(ख) शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(ग) उपरोक्त दोनो पर प्रभाव पड़ता है।

(घ) उपरोक्त किसी पर नहीं पड़ता है।

3. (i) वस्त्र एवं परिधान का महत्व है– 1

(क) सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक

(ख) भौगोलिक सांस्कृतिक और धार्मिक

(ग) सौंदर्य बोध अथवा सजावटी पहलू

(घ) उपरोक्त सभी

(ii) प्रबंध कार्य है– 1

(क) आयोजन व संगठन (ख) समन्वय व स्टाफ नियुक्ति

(ग) निर्देशन व नियंत्रण (घ) उपरोक्त सभी

(iii) संचार के माध्यम नहीं है– 1

(क) रेडियो (ख) टी0वी0

(ग) घटनाएँ (घ) अखबार

(iv) आतिथ्य प्रबन्धन का उद्देश्य है – 1

(क) रहने के लिए स्थान

(ख) भोजन व मनोरंजन

(ग) स्नेह व अन्य सुविधाएँ प्रदान करना

(घ) उपरोक्त सभी

(v) सम्प्रेषण गति देती है– 1

(क) विचार को (ख) तथ्य एवं सम्मति को

(ग) उपरोक्त दोनों को (घ) किसी से नहीं

Downloaded from cclchapter.com

4. (i) अन्तर्राष्ट्रीय फैशन का केन्द्र है– 1

(क) फ्रांस (ख) इटली

(ग) भारत (घ) रूस

(ii) वस्तु की खरीदारी करते समय उपभोक्ताओं की अपेक्षाएँ होती हैं– 1

(क) उचित कीमत एवं सही वजन

(ख) गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं प्रमाणिकता

(ग) बिक्री एवं प्रोत्साहन में नैतिकता

(घ) उपरोक्त सभी

(iii) संचार से लाभ है– 1

(क) ग्रामीण विकास हेतु

(ख) अनौपचारिक शिक्षा हेतु

(ग) विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रसार हेतु

(घ) उपरोक्त सभी

(iv) उपभोक्ताओं की समस्याओं में शामिल नहीं है – 1

(क) अधिक कीमतें (ख) जानकारी का अभाव

(ग) उपयुक्त समुचित जानकारी (घ) मिलावट

(v) सम्प्रेषण गतिविधियों के दो प्रमुख क्षेत्र हैं– 1

(क) टी वी रेडियो सुनना

(ख) अखबार छापना

(ग) संदेश बनाना एवं संदेश संप्रेषित करना

(घ) उपरोक्त कोई नहीं

अति लघु उत्तरीय प्रश्न(**1X12=12**)

(5) (क) अतिथि–चक्र की अवस्थाएँ बताइये । 1

(ख) मिलावट से आप क्या समझती है? 1

(6) (क) रंग के वर्ण क्रम क्या हैं? 1

(ख) धुलाई के उपकरणों के बारे में आप क्या जानती है? 1

(7) (क) किशोर किशोरियों को ध्यान देना क्यों आवश्यक है? 1

(ख) वृद्धजन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लिखिए। 1

(8) (क) पोषण किसे कहते हैं? 1

(ख) प्रोटीन की कमी से होने वाले बीमारियों को बताएं 1

Downloaded from cclchapter.com

(9) (क) फैशन व्यापार से आप क्या समझती हैं? 1

(ख) डिजाइन के सिद्धान्त लिखिए। 1

(10)(क) महिला सशक्तिकरण के क्या उद्देश्य हैं? 1

(ख) नव प्रवर्तन से आप क्या समझती हैं? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न (**5X4=20**)

(11) बालश्रम को रोकने के उपाय एवं सुझाव दीजिए। 4

(12) नैदानिक पोषण की शिक्षा का क्या उद्देश्य है? 4

(13) जन–सम्पर्क के सात सिद्धान्त क्या हैं? 4

(14) धुलाई के पूर्व की सावधानियों को समझाइये। 4

(15) युवाओं के लिए किस प्रकार के कार्यक्रम उपयुक्त होते हैं? 4

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (**3X6=18**)

(16) जन सम्पर्क गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र का सविस्तार वर्णन कीजिए। 6

अथवा

''सूचना संचार प्रौद्योगिकी विकास की भावी वाहिका हैं।'' सविस्तार समझाये । 6

(17) निम्नलिखित को समझाइये– 6

(1) रोग उत्पन्न करने में आहार की भूमिका

(2) रोगों की रोकथाम में आहार की भूमिका

अथवा

खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता एक वैश्विक मुद्दा क्यों है? स्पष्ट कीजिए। 6

(18) प्रारम्भिक बाल्यावस्था की देखभाल एवं शिक्षा के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा,

बच्चे, युवा एवं वृद्धजन क्यों संवेदनशील है ? समझाइये। 6

Downloaded from cclchapter.com